राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस–नोट

क्रमांक : एफ. 7(01) परीक्षा 'क'/प्राध्यापक/(स्कूल शिक्षा)/2018–2019/1231 दिनांक : 12.11.2020

प्राध्यापक–(स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा–2018 के तहत् विज्ञापित 20 विषयों की विचारित सूची के अभ्यर्थियों की पात्रता जांच हेतु प्रथम चरण की काउंसलिंग दिनांक 31.08.2020 से 15.09.2020 तक तथा द्वितीय चरण की काउंसलिंग दिनांक 05.10.2020 से 26.10.2020 तक आयोजित की गई। उक्त काउंसलिंग में कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा पूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये जाने के कारण उन्हें दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु 05 दिवस का समय दिया गया। तत्पश्चात् दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु पुनः 10 दिन का समय देते हुए पत्र द्वारा सूचित किया गया था । साथ ही यह भी सूचित किया गया था कि निर्धारित समयावधि में वांछित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर आयोग द्वारा आपकी पात्रता निरस्त कर दी जावेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आप स्वयं की होगी। परन्तु कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा आज दिनांक तक वांछित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं गये हैं, जिससे उनकी पात्रता का निर्धारण नहीं किया जा सका है।

अतः उक्त भर्ती के सभी विषयों के ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा आज दिनांक तक वांछित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये हैं उन्हें दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु अंतिम अवसर देते हुए निर्देशित किया जाता है कि वे दिनांक 18.11.2020 तक वांछित दस्तावेज आवश्यक रूप से आयोग को प्रस्तुत करें अन्यथा वांछित दस्तावेज के अभाव में उनकी पात्रता निरस्त करते हुए, उन्हें मूल परिणाम में शामिल नहीं किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी। उक्त अभ्यर्थियों की विषयवार, रोल नम्बर की सूची आयोग की वेबसाईट www.rpsc.rajasthan.gov.in पर जारी की जा रही है।

(शुभम् चौधरी)
सचिव